

मुझे इस यादगार क्षण का हिस्सा बनते हुए खुशी हो रही। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और दिल्ली एनसीआर में इस तरह का पहला कोर्ट है। पिकलबॉल तेज गति का खेल है और पूरी दुनिया में इसका चलन बढ़ रहा है। -नरिंदर ध्रुव बत्रा

खेलों की जानी-मानी हस्ती, अत्याधुनिक डुअल पिकलबॉल कोर्ट का उद्घाटन




आज का खिलाड़ी



**ऋतुराज गायकवाड़**

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खत्म हुई टी-20 सीरीज में रोहित, कोहली, बुमराह, स्टार्क, वॉर्नर, स्मिथ जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी नहीं थे। इनकी गैरमौजूदगी में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑडिशन दिया। ऋतुराज गायकवाड 26 साल दाएं हाथ के बैटर ने तीसरे मैच में 123 रन बनाकर खुद को टी-20 के भारतीय शतकवीर की सूची में शामिल कराया। सीरीज में 223 रन बनाए और अब वे टी-20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग के अच्छे विकल्प हो सकते हैं। तनवीर संघा 22 साल 5 मैच में 5 विकेट लिए।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## जिम्बाब्वे ने आयरलैंड टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में किया नये चेहरों को शामिल

हरारे, 5 दिसंबर। टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम में नये चेहरों को जगह दी है। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 के लिए टीम में कई बदलाव किए गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट और तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू को टीम में शामिल किया है। लेग स्पिनर ब्रैंडन मावुता और बल्लेबाज टोनी मुनयोंगा को भी टीम वापस बुला लिया गया है तथा अफ्रीका क्वालीफायर के पहले मुकाबले में कमर में चोट के कारण बाहर हुए क्रेग एर्विन की भी 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज तेंडाई चटारा, बाएं हाथ के स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्जा, सलामी बल्लेबाज इनोसेंट कैया और निक वेल्च को टीम से बाहर किया है। जिम्बाब्वे टी-20 टीम इस प्रकार है:- सिकंदर रज़ा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, क्रेग एर्विन, ट्रेवर ग्वांडू, ल्यूक जोंगवे, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तादिवानाशे मारुमानी, ब्रैंडन मावुता, कार्ल मुंबा, टोनी मुनयोंगा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, शॉन विलियम्स और रिचर्ड नगारवा।

## कूच बिहार : यूपी ने दिल्ली को पारी और 21 रन से हराया

मेरठ, 5 दिसंबर। कूच बिहार अंडर 19 टूर्नामेंट के एक लीग मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश ने सोमवार को दिल्ली को पारी और 21 रन से हरा दिया। विक्टोरिया पार्क में खेले गये मैच में दिल्ली की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 98.2 ओवर में 294 रन बनाये। मेजबान टीम के हितेश कुमार तथा यासिर खान ने 3-3 विकेट लिए जबकि शुभम मिश्रा को दो विकेट मिले। जवाब में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 471 रन बना कर घोषित कर दी। उत्तर प्रदेश की ओर से काव्या तेवतिया (179) की भूमिका अहम रही। 177 रन की लीड का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन ही बना सकी।

## आईएसएल में ईस्ट बंगाल एफसी ने एनई यूनाइटेड एफसी को 5-0 से हराया

कोलकाता, 5 दिसंबर। ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी को 5-0 से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सोमवार की रात यहां विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेले गये इस मुकाबले में क्लिटन सिल्वा ने 24वे मिनट, 66वे मिनट में और नंदकुमार सेकर ने 62वे मिनट, 81वे मिनट में ने दो-दो गोल किए। जिसकी बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी 5-0 से हरा दिया। इससे पहले, उन्होंने 24वें मिनट में मंदार राव देसाई के क्रॉस पर सिर हिलाया था और रात के लिए अपना खाता खोला था। ईस्ट बंगाल एफसी का नौ दिसंबर को पंजाब एफसी से और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी अगले दिन गुवाहाटी में हैदराबाद एफसी से भिड़ेगा।

## गढ़वाल एफसी की बड़ी जीत, खुपसांगलेन और पप्पू चमके

नयी दिल्ली, 5 दिसंबर। दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग के एकतरफा मुकाबले में आज गढ़वाल हीरोज एफसी ने 90 मिनट्स एफसी को 23-0 से रौंदकर अपना विजय अभियान जारी रखा। दिन के अन्य एकतरफा मुकाबलों में सुदेवा दिल्ली एफसी ने ग्लोरियस को 8-0 और दिल्ली टाइगर्स ने सीमापुरी को 19-0 से करारी शिकस्त दी। ईमी हीरोज ने जुबां संघा को 2-1 से हराकर संघर्षपूर्ण जीत हासिल की, तो सिग्नेचर ने दिल्ली एफसी को 3-1 से और तरुण संघा ने होप्स को 4-1 हराने में कड़ा संघर्ष किया। उत्तराखंड एफसी और द ड्रीम टीम के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर छूटास जबकि सिटी ने ग्रोइंग स्टार्स को 2-2 के स्कोर पर रोक कर अंक बांटे। गढ़वाल हीरोज के लिए पप्पू ध्योरी ने दोहरी तिकड़ी जमाई। ओम बासफोर और सिद्धार्थ खिंची ने भी हैट्रिक लगाई। ईमी हीरोज के पासोनी वीनी ने दो और दिल्ली टाइगर्स के प्लेयर ऑफ द मैच खुपसांगलेन ने दोहरी हैट्रिक लगाई।

# अफ्रीका में टेस्ट सीरीज क्यों नहीं जीत पाता भारत



नई दिल्ली, 5 दिसंबर। एबी डिविलियर्स का कहना है कि भारत अपनी बैटिंग के दम पर ही साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीत सकता है। भास्कर को दिए इंटरव्यू में साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, टीम इंडिया बॉलिंग के दम पर पिछली बार सीरीज जीत के करीब पहुंचा था, इस बार भी उनकी बॉलिंग अच्छी है, लेकिन सीरीज जीतने के लिए बैटर्स को रन बनाने ही होंगे।

टीम इंडिया को दिसंबर-जनवरी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है। साउथ अफ्रीका में भारत 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट खेलेगा। भारत ने यहां टी-20 और वनडे सीरीज तो जीत रखी है, लेकिन टेस्ट सीरीज में 31 साल से सफलता नहीं मिल सकी।डिविलियर्स ने भास्कर को बताया कि साउथ अफ्रीका में बैटर्स के लिए रन बनाना मुश्किल होता है, इसीलिए टीम इंडिया यहां नहीं जीत पाती।

मुझे नहीं लगता इस पर मैं कुछ कर सकता हूं। लेकिन दोनों ही देशों की दोस्ती और राइवलरी बहुत रोमांचक है। मंडेला और गांधी की दोस्ती दुनिया में एक मिसाल है, दोनों की दोस्ती के नाम पर ही सीरीज का नाम भी फ्रीडम ट्रॉफी रखा गया। साउथ अफ्रीका भी भारत में 13 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका। भारत को तो साउथ अफ्रीका में परेशानी होती ही है। दोनों टीमों के बीच 2 ही टेस्ट होना कम तो है, फ्यूचर में ज्यादा टेस्ट हों तो बेहतर रहेगा।

टीम इंडिया इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे टॉप अपोनेंट्स के खिलाफ 4 से 5 टेस्ट की सीरीज खेलती है, लेकिन न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ सीरीज में 2 या 3 ही टेस्ट खेलती है। मुझे लगता है दुनिया के कई क्वालिटी बैटर्स के लिए साउथ अफ्रीका की पिचें सबसे मुश्किल हैं। टेस्ट मैच में बैटिंग के लिए यहां सबसे खतरनाक पिचें मिलती हैं, कई बार चोट लगने का खतरा भी रहता है। अगर आप दुनिया के बेस्ट औसत रखने वाले बैटर्स के आंकड़े देखें तो उन्हें भी साउथ अफ्रीका में दिक्कतें होती हैं। उनका एवरेज साउथ अफ्रीका में बहुत गिर जाता है। यहां तेज गेंदबाज हावी रहते हैं, क्योंकि उन्हें तेजी और उछाल के साथ स्विंग भी मिलती है।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की पिचों पर गेंदबाजों को तेजी के साथ स्विंग मिलती है, दोनों ही जगह बैटर्स को परेशानी होती है। ऑस्ट्रेलिया में तेजी और उछाल मिलती है, जबकि साउथ अफ्रीका में तेजी और उछाल के साथ स्विंग भी रहती है। इसलिए ये पिचें और बैटर्स के लिए बाकी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा परेशानी वाली रहती हैं।

स्टीव स्मिथ जैसे मॉडर्न डे ग्रेट बल्लेबाज मुझे याद आते हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में रन बनाए, लेकिन साउथ अफ्रीका में उनका औसत बेहद गिर जाता है। यहां तक कि मुझे भी होम कंडीशन में बैटिंग करने में बहुत दिक्कतें आईं। यहां बैटिंग कुछ ज्यादा ही मुश्किल हो जाती है। बाकी जगह की पिचें मुझे उतनी चुनौतीपूर्ण नहीं लगतीं, जितनी अपने ही देश की लगती हैं।

डिविलियर्स ने विदेश में करीब 55 की औसत से 3,977 रन बनाए, लेकिन साउथ अफ्रीका में उनका औसत 47 का ही रहा। हालांकि, घरेलू मैदान पर उन्होंने 4,788 रन बनाए हैं और टेस्ट में 47 का औसत होना भी शानदार है। फिर भी विदेशी मैदान की तुलना में घरेलू मैदान पर उनका औसत गिर जाता है।

## पाकिस्तान विमेंस टीम पहली बार न्यूजीलैंड से टी-20 सीरीज जीती

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में मंगलवार, 5 नवंबर को न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम को 10 रन से हरा दिया। इस सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इसी के साथ पाक टीम सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। सीरीज में इस बढ़त के साथ टीम ने एक उपलब्धि हासिल कर ली। पाक पहली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जीती।

वहीं यह एशिया और आयरलैंड के बाहर पाकिस्तान की पहली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज जीत है। टीम को पांच साल बाद घर से बाहर टी-20 सीरीज जितने में कामयाबी मिली है। टीम ने इससे पहले 2018 में आखिरी बार घर के बाहर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीती थी। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड सात विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की इस जीत में आलिया रियाज और फातिमा सना ने अहम भूमिका निभाई। टीम के लिए मुनीबा अली ने सबसे ज्यादा 28 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। उनके अलावा आलिया ने 22 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। न्यूजीलैंड टीम की तरफ से फ्रान जोनास और मॉली पेनफोल्ड ने 2-2 विकेट लिए।

पाकिस्तान से मिले 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में सूजी बेट्स, सोफी डिवाइन समेत 4 विकेट गंवाए। हन्ना रोवे ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। जॉर्जिया प्लिमर ने 28 गेंदों में 28 रनों की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। पाकिस्तानी के लिए फातिमा सना ने 3 विकेट लिए, तो वहीं सादिया इकबाल ने दो विकेट लिए। निदा डार को एक विकेट मिला।

## फिटनेस और क्षेत्ररक्षण को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं : मजूमदार

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच अमूल मजूमदार चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी बेखौफ क्रिकेट खेलें। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि फिटनेस और क्षेत्ररक्षण को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 सीरीज की पूर्व संध्या पर कहा, हमें एक विशेष तरह का क्रिकेट खेलने की जरूरत है जैसा कि अभी तक हम खेलते रहे हैं। मैं हमेशा से बेखौफ क्रिकेट खेलने की वकालत करता रहा हूं। हमें इसी तरह की क्रिकेट खेलनी चाहिए। उन्होंने कहा, शैफाली (वर्मा) और जेमिमा (रोड्रिग्स) दोनों ही भारतीय टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मैं चाहूंगा कि वह पहले की तरह ही आक्रामक क्रिकेट खेलती रहें। अगले साल सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मजूमदार ने कहा कि अब उनकी टीम के लिए प्रत्येक कदम बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हम विश्व कप की तरफ बढ़ रहे हैं। प्रत्येक सीरीज और मैच का अपना महत्व होता है।

## 19 जनवरी से शुरू होगा ट्वंटी-20 सीजन-2

भोपाल, 5 दिसंबर। इंटरनेशनल लीग -20 (-20) का दूसरा सीजन 19 जनवरी से 17 फरवरी तक यूएई में खेला जाएगा। इस बार डेविड वॉर्नर, कायरन पोलार्ड और अंबाती रायडू जैसे सितारे भी खेलते नजर आएंगे। लीग से जुड़े पूर्व भारतीय क्रिकेट सबा करीम ने यह जानकारी सोमवार को भोपाल में दी। सबा इस समय 20 की ट्रॉफी के साथ भारत के अलग-अलग शहरों के विजिट पर हैं। सोमवार को वे इसी सिलसिले में दैनिक भास्कर के भोपाल ऑफिस आए थे।

सबा ने बताया कि 20 एक फ्रेंचाइजी बेस टी-20 लीग है, जिसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड करवाता है। लीग में 6 फ्रेंचाइजी की टीमें हिस्सा लेती हैं। 19 जनवरी 2024 से लीग का दूसरा सीजन शुरू होगा। पहले सीजन का खिताब गल्फ जाइंट्स ने जीता था। टीम ने 12 फरवरी 2023 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स को 7 विकेट से हराया था।

सबा ने कहा- इंटरनेशनल लीग की ट्रॉफी यूनिक है। इसमें यूएई की खूबसूरती को दर्शाने का प्रयास किया गया है। दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा की हाईट से मिलती-जुलती इसकी भी हाइट रखी गई है। बुर्ज खलीफा की ऊंचाई 830 मीटर है, इसे मिलीमीटर में कन्वर्ट कर ट्रॉफी की ऊंचाई 830 मिलीमीटर रखी गई। इस पर बना 7-पॉइंट क्राउन के 7 राज्यों की यूनिटी को दर्शाता है। जबकि 12.2 किलोग्राम का वजन यूएई के गौरव का प्रतीक है, क्योंकि 2 दिसंबर (12वें महीने का दूसरा दिन) को यूएई का नेशनल-डे मनाया जाता है। इसी दिन इस साल का ट्रॉफी टूर भी शुरू किया गया।

ट्रॉफी के अंदर एक बेहद खूबसूरत पेंडेंट रखा गया है, इसे ट्रॉफी जीतने वाली टीम ही देख सकती है। ट्रॉफी को इंग्लैंड के थॉमस लुइट ने डिजाइन किया है। इंटरनेशनल लीग -20 लीग (20) इंडियन प्रीमियर लीग जैसे फॉर्मेट में खेली जाती है। मुकाबले 3 मैदानों पर होने हैं। सभी टीमों को आपस में लीग मैच खेलने होते हैं। लीग राउंड में पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें के बीच क्वालिफायर-1 होता है, जबकि तीसरे और चौथे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर होता है। क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचती है, जबकि हारने वाली टीम एलिमिनेटर के विजेता से क्वालिफायर-2 खेलती है। क्वालिफायर-2 और क्वालिफायर-1 की विनर के बीच फाइनल होता है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के 5 खिलाड़ियों ने वर्ल्ड कप का दावा ठोका

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खत्म हुई टी-20 सीरीज में रोहित, कोहली, बुमराह, स्टार्क, वॉर्नर, स्मिथ जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी नहीं थे। इनकी गैरमौजूदगी में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑडिशन दिया। जानते हैं दोनों टीमों के ऐसे 5 खिलाड़ियों के बारे में, जिन्होंने विंडीज-अमेरिका में अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप में खेलने के लिए दावा ठोका।

5 मैच में 9 विकेट झटके व प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इकोनॉमी रेट 8.20 की रही। वे अक्षर, कुलदीप, जडेजा, अश्विन को चुनौती दे सकते हैं। 21 टी20 में 17.38 की औसत व 7.14 की इकोनॉमी से 34 विकेट लिए हैं। बेहरेनडोर्फ 33 साल जेसन को कमिंस, हेजलवुड, स्टार्क के कारण स्थाई जगह नहीं मिल पाती थी। इस सीरीज से खुद को साबित किया। 4 मैच में 6 विकेट झटके। इकोनॉमी महज 6.68 की रही, जो सभी ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स में बेस्ट रही।

मैच की सीरीज में स्ट्राइक रेट 175 रही, किसी अन्य बैटर से ज्यादा। आखिरी कुछ ओवर्स में जो चौके-छक्के जमाए, उसने स्कोर में 15-20 रन ज्यादा जोड़े। वे सलेक्टर्स की फिनिशर की तलाश खत्म करेंगे। रिंकू सिंह 26 साल भारतीय बल्लेबाज मैच की सीरीज में स्ट्राइक रेट 175 रही, किसी अन्य बैटर से ज्यादा। आखिरी कुछ ओवर्स में जो चौके-छक्के जमाए, उसने स्कोर में 15-20 रन ज्यादा जोड़े। वे सलेक्टर्स की फिनिशर की तलाश खत्म करेंगे। ऋतुराज गायकवाड 26 साल दाएं हाथ के बैटर ने तीसरे मैच में 123 रन बनाकर खुद को टी20 के भारतीय शतकवीर की सूची में शामिल कराया। सीरीज में 223 रन बनाए और अब वे टी20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग के अच्छे विकल्प हो सकते हैं। तनवीर संघा 22 साल 5 मैच में 5 विकेट लिए। सीरीज के दौरान उन्होंने काफी किफायती इकोनॉमी से गेंदबाजी की। वे टी20 वर्ल्ड कप में जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से बैकअप स्पिनर के सबसे उपयुक्त विकल्प नजर आ रहे हैं।

## जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत की अमीषा, प्राची और हार्दिक ने जीते रजत पदक

नयी दिल्ली, 5 दिसंबर। भारतीय मुक्केबाज हार्दिक पंवार ने 80 किग्रा वर्ग में, अमीषा ने 54 किग्रा वर्ग में और प्राची टोकस ने 80 प्लस किग्रा वर्ग में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक जीते। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अर्मेनिया के येरेवन में खेले गये मुकाबलों में एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक को रूस के एशुरोव बैरमखान के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच लड़कियों के वर्ग में अमीषा और प्राची को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। अमीषा कजाकिस्तान की अयाज़ान सिदिक से हारी, वहीं प्राची ने कड़ी प्रतिद्वंद्वी दो बार की एशियाई जूनियर चैंपियन उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाखोबिद्दीनोवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में भारत पहले

## संजू सैमसन का धांसू शतक गया बेकार, केरल को रेलवे के खिलाफ झेलनी पड़ी हार

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। विजय हजारे ट्रॉफी 2023-24 में केरल को रेलवे ने 18 रनों से हराया। राउंड-7 ग्रुप-ए मैच में केरल के कप्तान संजू सैमसन का शतक बेकार हो गया और रेलवे ने अंत में मैच 18 रनों से अपने नाम कर लिया विजय हजारे ट्रॉफी 2023-24 में आज केरल को रेलवे के खिलाफ 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु के कीनी स्पोर्ट्स एरिना ग्राउंड में खेले गए मैच में केरल के कप्तान संजू सैमसन के धांसू शतक पर साहब युवराज सिंह का शतक भारी पड़ गया। रेलवे ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 255 रन बनाए। युवराज के अलावा प्रथम सिंह ने रेलवे के लिए अहम पारी खेली। प्रथम ने 77 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, वहीं युवराज 136 गेंदों पर 13 चौके और एक छक्के की मदद से 121 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। कप्तान उपेंद्र यादव ने 27 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा और कोई बल्लेबाज खास कुछ कर नहीं पाया। केरल की ओर से वैसाख चंद्रन ने दो विकेट चटकाए। जवाब में केरल ने 59 रनों तक चार विकेट गंवा दिए थे। भारत के अलावा किसी से नहीं हारा होम टेस्ट सैमसन ने इसके बाद दमदार बैटिंग करते हुए मैच में केरल की वापसी कराई।

## भुवनेश्वर कुमार के इंटरनेशनल करियर का हो गया दी एंड

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। भुवी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में मौका नहीं मिला, जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया। उन्हें बीसीसीआई द्वारा हाल ही में साउथ अफ्रीका दौरे के लिए घोषित भारतीय स्क्वॉड में भी जगह नहीं मिली। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच नंवबर 2022 में खेला, जो टी20 था। ऐसे में यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या 33 वर्षीय बॉलर केइंटरनेशनल करियर का दी एंड हो गया है? भारत के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भुवी के करियर में फिलहाल रोडब्लॉक आ गया है। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाज को प्रभावी प्रदर्शन के बावजूद अवसर नहीं मिल रहा।

चोपड़ा ने अपने यूट्ययूब चैनल पर सवाल-जवाब के सेशन में कहा, मैं और आप भुवनेश्वर के करियर को डिसाइड नहीं करेंगे क्योंकि हम सिलेकटर्स नहीं हैं। हम हैं कौन जो यह बोलें कि उनका करियर अब खत्म हो गया है या बहुत लंबा बचा है। करंट सिनेरियो में अच्छा नहीं लग रहा है। आगे का रास्ता ऐसा लग रहा है कि थोड़ा सा रोडब्लॉक (रुकावट) आ गया है। उन्हें मौके नहीं मिले रहे हैं। उनकी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ठीक रही। उनका आईपीएल भी ठीक-ठाक रहा। लेकिन उन्हें कही भी सिलेक्ट नहीं किया जा रहा है।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, भुवी को वनडे में बहुत पहले छोड़ दिया गया था। लेकिन सिलेकटर्स अब उन्हें टी20 में भी नहीं चुन रहे हैं। ऐसा लगता है कि सिलेक्टर्स ने अब दूसरी दिशाओं में देखना शुरू कर दिया है। कई सारे ऑप्शन हैं। भारतीय क्रिकेट की यह तारीफ की बात है कि हमेश इतने ऑप्शन उपलब्ध रहते हैं। मुकेश कुमार, आवेश खान, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और उमरान मलिक भी हैं, जो चार महीने पहले खेले थे। यह इंडियन क्रिकेट की रियलटी है। गौरतलब है कि भुवनेश्वर ने 2012 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। भुवी ने 21 टेस्ट, 121 वनडे और 87 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## नागेश ट्रॉफी में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को हराया, दिल्ली ने महाराष्ट्र को हराया

देहरादून, 5 दिसंबर। पुरुषों के राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड 2023-24 (नागेश ट्रॉफी) के छठे संस्करण में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को 64 रनों से और दिल्ली ने महाराष्ट्र को 142 रनों से हराया। यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में सोमवार को खेले गये दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 177 रन का स्कोर बनाया और इसके जवाब में उसने पांडिचेरी को 19 ओवर में 113 रन पर ढेर कर 64 रन से शानदार जीत दर्ज की। उत्तराखंड की ओर से गंभीर सिंह चौहान ने 68 गेंदों में 81 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में संजय कुमार शाह 44 गेंदों में 110 रनों की शतकीय पारी की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 241 रन बनाए। दिल्ली की गेंदबाजी के आगे महाराष्ट्र की टीम 15 ओवर में 99 रन पर ढेर हो गई, कप्तान नीलेश यादव ने तीन विकेट लिए। संजय को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब देहरादून चरण के दूसरे दिन मंगलवार को कर्नाटक और उत्तराखंड एक-दूसरे से भिड़ेंगे जबकि पांडिचेरी का सामना महाराष्ट्र से होगा। नागेश ट्रॉफी का छठा संस्करण 23 नवंबर को जम्मू विश्वविद्यालय में ग्रुप ई की चार टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुआ। टूर्नामेंट दो फरवरी 2024 तक चलेगा और लीग स्टेज 29 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा।

जम्मू एवं कश्मीर ने सभी मैच जीते और अब छह अंकों के साथ वह तालिका में शीर्ष पर है। गोवा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि रेलवे दो अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। पंजाब एक भी मैच नहीं जीत पाई और ग्रुप ई में जम्मू चरण शून्य अंकों के साथ समाप्त हुआ। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी नागेश ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया से हाथ मिलाया है।

इस बीच 29 दिसंबर को लीग मैच खत्म होने के बाद क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से जनवरी 2024 में नागपुर, महाराष्ट्र में सुपर आठ स्टेज मैच आयोजित करेगा। नागेश ट्रॉफी के छठे संस्करण के लीग मैच छह स्थानों, जम्मू, देहरादून (उत्तराखंड), कोच्चि (केरल), चंडीगढ़, अगरतला (त्रिपुरा), और कोटा (राजस्थान) में खेले जा रहे हैं। देशभर की कुल 28 टीमें टी-20 प्रारूप टूर्नामेंट हिस्सा ले रही हैं।

## युगांडा ने आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा की

कंपाला, 5 दिसंबर। युगांडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टी-20 महिला विश्वकप क्वालीफायर के लिए 14 खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। युगांडा के कोच लॉरेंस सेसेमातिम्बा ने सोमवार को एंटेबे क्रिकेट ओवल में सात से 17 दिसंबर तक होने वाले क्वालीफायर के लिए टीम का ऐलान किया। सेसमाटिम्बा ने कहा, हम इस टीम को तैयार करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं और आखिरकार हमने उन खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। युगांडा नामीबिया, नाइजीरिया और रवांडा के साथ ग्रुप बी में है और युगांडा टीम की कप्तानी कॉन्सी अवेको करेंगी। ग्रुप ए में जिम्बाब्वे, तंजानिया, बोत्सवाना और केन्या शामिल हैं। शीर्ष दो टीमें अगले साल दुबई में वैश्विक क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## सरफराज और शकील की प्रैक्टिस सेशन में हुई लड़ाई

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। पाकिस्तानी क्रिकेटर सरफराज अहमद और सऊद शकील के बीच ऑस्ट्रेलिया में झगड़ा हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दोनों प्रैक्टिस सेशन के दौरान एक छोटी से बात पर भिड़ गए। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में है। पाकिस्तान को 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। वहीं, बुधवार (6 दिसंबर) से पाकिस्तान बनाम प्राइम मिनिस्टर इलेवन के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा। इस मैच से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी सरफराज अहमद और सऊद शकील के बीच झगड़ा हो गया। दोनों प्रैक्टिस सेशन में छोटी सीबात को लेकर भिड़ गए, जिसका बतंगड़ बन गया।

दरअसल, सरफराज ने शकील से कोई काम करने के लिए कहा था, जो उन्होंने टाल दिया। ऐसे में सरफराज काफी नाराज हो गए। सरफराज और शकील की तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शकील कहते हैं, मैं कब तक काम आऊंगा आपके? इसपर सरफराज पलटकर बोलते हैं, मेरे कोई काम नहीं आओगे भाई। मैंने तो कहा ही नहीं आपको कि स्वैप कर लो। मुझे जिससे स्वैप करना था, मैंने कर लिया। इसके बाद, शकील ने कहा, स्वैप तो किया न, काम आ गया। दोनों खिलाड़ियों की तकरार पर सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। कई लोगों ने फनी कमेंट किए। एक यूजर ने लिखा, एटीट्यूड विराट कोहली वाला और रिजल्ट अहमद शाहजाद वाला। अन्य ने कहा, गुस्से की दिक्कत तो सरफराज भाई को शुरू से ही कुछ ज्यादा है। गौरतलब है कि सरफराज और शकील कुछ दिन पहले भी चर्चा में रहे थे। दरअसल, पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले एक इंट्रा-स्क्वॉड अभ्यास मैच खेला, शकील को बल्लेबाजी के लिए आने में काफी समय लग रहा था। ऐसे में विकेटकीपिंग कर रहे सरफराज अंपायर के पास गए और शकील को आउट देने के लिए कहा। हालांकि, शकील जब क्रीज पर आए तो अंपायर ने अपनी घड़ी चेक की और उन्हें नॉटआउट करार दिया। इसके बाद, सरफराज और अन्य खिलाड़ी मुस्कुराने लगे।